आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक

# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 202 | उज्जैन, शुक्रवार 13 जून 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## ऊर्जादाता बनेंगे मध्यप्रदेश के किसान-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से होगा किसानों का आर्थिक सशक्तिकरण



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के किसान अब ऊर्जादाता बनेंगे। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से प्रदेश के किसानों और छोटे निवेशकों को लाभ होगा। योजना का लाभ लेकर किसान बिजली उत्पादक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि नेट जीरो का लक्ष्य पाने में मध्यप्रदेश के किसान बड़ी भूमिका निभाएंगे। ऊर्जा समिट में एक ही मंच पर निवेशक, किसान, विशेषज्ञ और नीति-निर्माताओं ने उपस्थित होकर समृद्धि के नये द्वार पर दस्तक दी है। प्रदेश में अब तक 80 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे 16 हजार से अधिक कृषि पम्पों को सौर उर्जा से उर्जीकृत किया जा चुका है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में बढ़ोतरी एवं आर्थिक विकास के लिये संकल्पित है। मध्यप्रदेश अब देश की सोलर कैपिटल ऊर्जाधानी बनने के मार्ग पर अग्रसर हैं। प्रदेश के रीवा, नीमच और ओंकारेश्वर सौर ऊर्जा का सशक्त हस्ताक्षर बन रहे हैं। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रदेश के लिए वरदान है। अब हमारी सरकार छोटे निवेशकों और किसान भाइयों को भी बिजली उत्पादन का अवसर मुहैया कराने जा रही है। अब हमारे अन्नदाता, ऊर्जादाता बनने के पथ पर अग्रसर होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से छोटे निवेशकों के साथ किसानों को भी लाभ मिलेगा। इस योजना से वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर उद्यमियों को निवेश एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे। निवेशकों के साथ सरकार 25 साल तक बिजली खरीदने का समझौता करेगी। निवेशकों को नीतिगत प्रोत्साहन के साथ सस्ती ज़मीन और तय बिजली रेट मिलेगा।

उन्होंने बताया कि ÷सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना÷ से किसानों को भी अत्यधिक फायदा होगा। योजना से किसानों को दिन में भी सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी।

अन्नदाताओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। किसानों को रात में बिजली का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दिन में 8 घंटे तक लगातार बिजली मिलेगी। किसान बिना रुकावट सिंचाई कर सकेंगे।

कुसुम-सी योजना का विस्तार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना, प्रधानमंत्री कुसुम-सी योजना का विस्तार है। इस योजना में हर गाँव के पास जो कृषि फीडर (जहाँ से किसानों को बिजली मिलती है) है, उसको सौर ऊर्जा से चलाने की तैयारी हो रही है।

## भारत को पड़ोसियों की निगरानी क्षमताओं के बढ़ाना होगा, एयर मार्शल दीक्षित ने चीन को लेकर कही ये बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने बुधवार को कहा कि भारत जब अपनी निगरानी क्षमताओं पर विचार करता है तो उसे तेजी से विकसित हो रहे खतरे के परिदृश्य, खासकर उत्तरी पड़ोसियों द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति को समझना होगा। दीक्षित ने चीन को लेकर कही ये बात

थिंक टैंक सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज और इंडियन मिलिट्री रिव्यूज द्वारा सर्विलांस एंड इलेक्ट्रो-आप्टिक्स पर आयोजित एक सेमिनार में एयर मार्शल दीक्षित ने चीन के सैन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि उसने हाल ही में पृथ्वी की निचली कक्षाओं में अपने उपग्रहों की परिष्कृत करीबी लड़ाई को प्रदर्शित किया है।

चीन 2010 में सिर्फ 36 उपग्रह संचालित कर रहा था, 2024 में ये एक हजार से अधिक थे और इनमें 360 से अधिक खुफिया जानकारी जुटाने, निगरानी करने और टोही कार्यों (आइएसआर) के लिए समर्पित थे।

चीन के उपग्रह निगरानी को लेकर की ये बात -एयर मार्शल दीक्षित ने कहा, उन्होंने किल चेन से किल मेश तक विकास किया है जो एक एकीकृत नेटवर्क है। यह आईएसआर उपग्रहों को हथियार प्रणालियों से सहजता से जोड़ता है।

## त्रिपुरा में प्यार बना दुश्मन, युवक की हत्या कर आइसक्रीम फीजर में रखा शव



नई दिल्ली (एजेंसी)। त्रिपुरा में प्रेम प्रसंग के चलते 26 वर्षीय एक युवक की हत्या कर दी गई और उसके शव को आइसक्रीम फ्रीजर में रख दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक का एक 20 वर्षीय महिला के साथ रिश्ता था। दूसरी ओर महिला का चचेरा भाई उसके साथ रहना चाहता था। पश्चिम त्रिपुरा के एसपी किरण कुमार ने कहा हाल ही में हुए झगड़े के बाद से युवक-युवती एक-दूसरे से बात नहीं कर रहे थे और चचेरे भाई को इसकी भनक लग गई।

गला घोंटकर हत्या कर दी- पुलिस ने बताया कि महिला ने अपने प्रेमी की हत्या की पूरी योजना बनाई और उसे आठ जून को पश्चिमी त्रिपुरा के दक्षिण इंदिरानगर में अपने एक रिश्तेदार के घर बुलाया। वहां पहले से मौजूद महिला का चचेरा भाई तीन अन्य लोगों की मदद से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उन्होंने शव को ट्राली बैग में भर दिया। पुलिस ने बताया कि अगले दिन चचेरे भाई ने गंदाचेरा में रहने वाले अपने माता-पिता को अगरतला आने और ट्राली बैग अपने साथ ले जाने के लिए कहा।

## तेलंगाना में रेवंत रेड्डी मंत्रिमंडल का विस्तार, नए मंत्रियों के विभागों का हुआ बंटवारा; किसको क्या मिला



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना सरकार ने शामिल किए गए मंत्रियों विवेक वेंकटस्वामी, अदलुरी लक्ष्मण कुमार और वक्ति श्रीहरि को विभागों का बंटवारा किया है। उन्होंने 8 जून को राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में राजभवन में शपथ ली। बयान के अनुसार, तेलंगाना राजपत्र के एक स्पेशल एडिशन में प्रकाशित होने वाली अधिसूचना, तेलंगाना सरकार के व्यावसायिक नियमों के नियम 5 के उप-नियम (1) के संयोजन में भारत के संविधान के अनुच्छेद 166 के खंड (3) के तहत जारी की गई थी।

15वीं लोकसभा में पूर्व सांसद- आदेश के अनुसार, मंत्री विवेक वेंकटस्वामी को श्रम, रोजगार, ट्रेनिंग और कारखानों के विभाग सौंपे गए हैं। वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और 15वीं लोकसभा में पेड्डापल्ली से पूर्व सांसद हैं।

मंत्री अदलुरी लक्ष्मण कुमार को अनुसूचित जाति विकास विभाग, आदिवासी कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, विकलांग व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग का जिम्मा सौंपा गया है।

वे एक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नेता और तेलंगाना के जगतियाल जिले में स्ट समुदाय के लिए आरक्षित धर्मपुरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वे 2023 के राज्य चुनावों में विधानसभा के लिए चुने गए थे।

## रक्षा बाजार में भारत की धमक बढ़ाएंगे ये हथियार, चीन और पाकिस्तान में मची खलबली



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करना हो या उसके ड्रोन और मिसाइल हमलों को नाकाम करना हो, भारत के स्वदेशी हथियारों और उपकरणों की शानदार क्षमताओं ने वैश्विक रक्षा उद्योग में खलबली मचा दी है। इनमें से ज्यादातर तकनीकी का विकास और निर्माण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने किया है। इस बीच रक्षा बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रयास के तहत डीआरडीओ जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित इंडो डिफेंस एक्जिविशन-2024 में अपनी कटिंग एज तकनीक का प्रदर्शन कर रहा है। आइये जानते हैं इन तकनीकों और रक्षा उपकरणों के बारे में।

अस्त्र एमके-1- अस्त्र एमके-1 बियांड विजुअल रेंज एयर टू एयर मिसाइल सिस्टम है। इसे लड़ाकू विमानों के लिए बनाया गया है। लड़ाकू विमान से दागी जाने वाली मिसाइल तेजी से पैतरेबाजी करने में सक्षम सुपरसोनिक एयरक्राफ्ट को तबाह कर सकती है। मिसाइल दिन और रात में हर मौसम में प्रभावी है। अस्त्र एमके-1 मिसाइल की रेंज करीब 110 किलोमीटर है। यानी इस मिसाइल से लैस लड़ाकू विमान 110 किलोमीटर दूर से दुश्मन के लड़ाकू विमान को निशाना बना सकता है।

अस्त्र-1 को सुखोई 30 एमके-आइ लड़ाकू विमान और तेजस में लगाया जा चुका है। डीआरडीओ अस्त्र मिसाइल के कई वैरिएंट जैसे अस्त्र एमके-2 और अस्त्र एमके-3 भी बना रहा है।

# टेक ऑफ के 8 मिनट बाद ही क्रैश हुआ विमान, दो मंजिला इमारत से जा टकराया

नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भरने वाला एअर इंडिया का विमान अचानक क्रैश हो गया। इस विमान में 230 यात्रियों समेत कुल 242 लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि हादसा दोपहर 1 बजे से 2 बजे के बीच हुआ।

242 यात्री थे सवार, लंदन जा रहा था विमान- समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार प्लेन में 242 यात्री सवार थे। मेघानी नगर के रिहायशी इलाके में प्लेन क्रैश के बाद कई किलोमीटर तक धुएं के गुबार दिखाई दे रहे हैं।

एयर इंडिया का B787 विमान VT-ANB अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। विमान में सवार 100 लोगों की मौत की खबर है।

विमान में 169 भारतीय नागरिक सवार थे। बाकी विदेशी नागरिक थे।

फ्लाइट AI171 ने दोपहर 1 बजकर 38 मिनट पर उड़ान भरी थी और उसके 5 मिनट बाद क्रैश हो गया।



अडानी एयरपोर्ट पर एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की प्रारंभिक सूचना के आधार पर अहमदाबाद फायर टीम मौके पर पहुंच गई है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह घटना नियमित परिचालन के दौरान हुई, जिसके बाद तत्काल आपातकालीन प्रतिक्रिया की गई। अहमदाबाद अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग ने घटनास्थल पर पांच से अधिक अग्निशमन वाहन तैनात किए।

DGCA ने बताया कि हादसे के वक्त प्लेन में दो पायलट और 10 सहायक स्टाफ भी मौजूद थे।

विमान के पायलट कैप्टन सुमीत सभरवाल थे और उसके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे।

विमान में 53 ब्रिटिश, 1 कनाडा और 7 पुर्तगाल के लोग सवार थे।

पीएम मोदी ने हादसे के बाद अमित शाह से फोन पर बात की और जानकारी ली।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अहमदाबाद के असरवा सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां विमान दुर्घटना में घायलों को लाया गया है।

अमित शाह ने की गुजरात के CM से बात-हादसे के तुरंत बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विमान दुर्घटना के संबंध में गुजरात के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और पुलिस कमिश्नर से बात की है। उन्होंने केंद्र सरकार की सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया है।

कई दमकल गाड़ियां तैनात- अधिकारियों ने पुष्टि की कि अलर्ट के बाद दमकल गाड़ियों को तुरंत तैनात किया गया और आपातकालीन टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। अग्निशमन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, विभिन्न शहर प्रभागों से पांच से अधिक अग्निशमन वाहनों की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है।

दैनिक हिन्दकुश

# ब्रेन ट्यूमर से लड़ी जंग, अब अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के बने अध्यक्ष; कौन हैं भारतवंशी श्रीनिवास मुक्कमला?




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय मूल के श्रीनिवास मुक्कमला ने अमेरिका में इतिहास रच दिया है। श्रीनिवास अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (एएमए) के अध्यक्ष बन गए हैं, जो संगठन के 178 साल के इतिहास में भारतीय मूल के पहले ऐसे चिकित्सक बने।

8 सेमी के ब्रेन ट्यूमर से लड़ी जंग- मुक्कमला की नियुक्ति 8 सेमी के ब्रेन ट्यूमर को हटवाने के लिए सर्जरी के कुछ ही महीनों बाद हुई है। उन्होंने कहा कि जब मैं मेयो क्लिनिक में ब्रेन सर्जरी से उबरने के लिए लेटा था, ट्यूब और तारे मेरी हर हरकत पर नजर रख रहे थे, तो यह रात, यह सम्मान और स्वास्थ्य सेवा में सुधार का यह अवसर एक बहुत दूर का सपना लग रहा था।

स्वास्थ्य सेवा सुधार पर दिया जोर- मुक्कमला ने अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बहुत बड़ी खामियां हैं, जिन पर हमें ध्यान देने की आवश्यकता है। इसलिए हमारे रोगियों के लिए पर्याप्त स्वास्थ्य कवरेज के लिए लड़ाई जारी रखना महत्वपूर्ण है और एक स्थायी, न्यायसंगत स्वास्थ्य सेवा मॉडल के लिए लड़ाई हम लड़ते रहेंगे।

लंबे समय से एएमए में काम किया - मुक्कमाला ने लंबे समय से एएमए में काम किया है। पेन केयर टास्क फोर्स का भी उन्होंने नेतृत्व किया है और ओवरडोज संकट को संबोधित करने के लिए साक्ष्य-आधारित नीतियां विकसित की हैं।

मुक्कमला ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भारतीय अप्रवासी डॉक्टरों और अपने गृहनगर फ्लिंट को दिया। उन्होंने अपने माता-पिता, अप्पाराव और सुमति को धन्यवाद देते हुए कहा, ÷मैं आज यहां उनके सपोर्ट के बिना नहीं आ पाता, जिनका साथ मुझे बचपन से मिला।÷ वे अपने बच्चों के लिए ऐसे अवसरों की तलाश में अमेरिका आए थे जो भारत में उपलब्ध नहीं थे।

# शेख हसीना को लेकर पीएम मोदी से की थी बात, मोहम्मद यूनुस का बड़ा दावा; बताया क्या मिला जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस शेख हसीना द्वारा भारत से दिए जा रहे ऑनलाइन भाषण को लेकर काफी नाराज हैं। शेख हसीना अपने भाषण के जरिए लगातार यूनुस सरकार की नाकामियां दुनिया के सामने ला रही हैं।


अब मोहम्मद यूनुस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भारत से अनुरोध किया था कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के ऑनलाइन भाषणों पर अंकुश लगाई जाए, जिसे दरकिनार किया गया और इस वजह से पूरे बांग्लादेश में गुस्सा भड़क रहा है।

हाल ही में लंदन में चैथम हाउस में एक चर्चा के दौरान बोलते हुए यूनुस ने पीएम मोदी से हुई मुलाकात और बातचीत को याद किया। उन्होंने कहा, जब मुझे प्रधानमंत्री मोदी से बात करने का मौका मिला, तो मैंने इस इतना कहा कि आप उनकी मेजबानी करना चाहते हैं, मैं आपको उस नीति को छोड़ने के लिए मजबूर नहीं कर सकता, लेकिन कृपया हमें यह सुनिश्चित करने में मदद करें कि वह बांग्लादेशी लोगों से उस तरह बात न करें, जिस तरह वो कर रही हैं।

भारत से क्यों खफा हुआ यूनुस - मोहम्मद यूनुस ने निराशा जताते हुए कहा कि शेख हसीना भारत में बैठकर एलान करती हैं कि वह इस दिन, इस समय, इस घंटे बोलेंगी और पूरा बांग्लादेश भड़क जाता है। वह इस पूरे क्रोध को अपने अंदर क्यों रख रही हैं?

यूनुस ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी से हस्तक्षेप करने और शेख हसीना को आगे कई बयान देने से रोकने के लिए कहा था, जिस पर भारतीय प्रधानमंत्री ने कथित तौर पर जवाब दिया, यह सोशल मीडिया है, आप इसे नियंत्रित नहीं कर सकते हैं।

## बांग्लादेश में रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास पर भीड़ का हमला, SIT करेगी जांच




नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश के सिराजगंज जिले में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर एक भीड़ ने हमला करके उसे नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद पुरातत्व विभाग ने घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है जिसे पांच कार्यदिवसों में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आठ जून को एक विजिटर अपने परिवार के साथ सिराजगंज जिले में स्थित कचहरीबाड़ी गया था। इसे रवींद्र कचहरीबाड़ी या रवींद्र स्मारक संग्रहालय के नाम से भी जाना जाता है।

कार्यालय में बंद हुआ विजिटर- विजिटर की प्रवेश द्वार पर मोटरसाइकिल पार्किंग शुल्क को लेकर एक कर्मचारी के साथ बहस हो गई थी। बाद में विजिटर को कथित तौर पर एक कार्यालय में बंद कर दिया गया था और उस पर हमला किया गया था। इस घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने मंगलवार को मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया था।

इसके बाद भीड़ ने कचहरीबाड़ी के ऑडिटोरियम पर हमला किया और संस्थान के एक निदेशक की पिटाई कर दी। गौरतलब है कि इस घर में रहते हुए रवींद्रनाथ टैगोर ने कई साहित्यिक रचनाएं की थीं।

## पाकिस्तान में भूकंप के झटकों से फिर डोली धरती, दहशत में घरों से बाहर निकले लोग



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के पेशावर में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। पेशावर के निवासियों को हल्के भूकंप के झटके महसूस हुए, भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.7 मापी गई। जियो न्यूज ने भूकंप विज्ञान केंद्र के हवाले से बताया कि बुधवार को पेशावर के निवासियों को हल्के भूकंप से झटका लगा, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.7 मापी गई।

भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वत में 211 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। भूकंप के बाद तत्काल किसी नुकसान या हताहत की कोई जानकारी नहीं मिली है।

एक महीने बाद आया भूकंप- यह भूकंप इस्लामाबाद और मर्दन, स्वात, नौशेरा, स्वाबी और उत्तरी वजीरिस्तान सहित खैबर पख्तूनख्वा के कुछ हिस्सों में आए 5.3 तीव्रता के भूकंप के लगभग एक महीने बाद आया है। जियो न्यूज ने बताया कि उस भूकंप का केंद्र भी हिंदू कुश क्षेत्र में 230 किलोमीटर की गहराई पर था, जिसका निर्देशांक 36.63 एन और देशांतर 71.13 ई दर्ज किया गया था।

## कनाडा में रची जा रही थी भारत के खिलाफ साजिश, ISI-खालिस्तानी समर्थक गिरफ्तार; 50 मिलियन डॉलर की ड्रग जब्त



नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा में नार्को-आतंकवादी नेटवर्क और खालिस्तानी समर्थक व्यक्तियों का भंडाफोड़ किया गया है। कनाडा की पील पुलिस ने प्रोजेक्ट पेलिकन के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक की सबसे बड़ी ड्रग जब्ती की है।पुलिस ने 479 किलोग्राम कोकीन बरामद की है, जिसकी कीमत 47.9 मिलियन डॉलर है। पील पुलिस ने कनाडा में बसे सात भारतीय मूल के लोगों सहित 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपी कैसे करते थे अपना धंधा?

पील पुलिस ने बताया कि जांच में पता चला है कि नेटवर्क ने अमेरिका से कनाडा तक के वाणिज्यिक ट्रकिंग मार्गों को फायदा उठाया और उसके संबंध मैक्सिकन कार्टेलों और अमेरिका स्थित डिस्ट्रीब्यूटरों से थे।

पील पुलिस ने बताया कि कुल 479 किलोग्राम ब्रिक्ड कोकेन जिसकी कीमत लगभग 47.9 मिलियन डॉलर है, जब्त की गई। साथ ही दो अवैध लोडेड सेमी-ऑटोमैटिक हैंडगन भी जब्त की गई। ब्रैम्पटन में ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस में जमानत की सुनवाई के लिए आरोपियों को पेश किया गया था।

प्रोजेक्ट पेलिकन की प्रशंसा

ओंटारियो के सॉलिसिटर जनरल माइकल एस केर्जनर ने ऑपरेशन की प्रशंसा करते हुए कहा, प्रोजेक्ट पेलिकन इस बात का सबूत है कि जब पुलिस के पास हमारे लोगों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक उपकरण और संसाधन हों, तो वह क्या हासिल कर सकती है।

## वो खतरनाक जगह है, वापस आ जाओ, ईरान में बिगड़े हालात तो ट्रंप ने अमेरिकी राजनयिकों और कर्मचारियों को भेजा संदेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और ईरान के बीच संबंध लगातार बिगड़ रहे हैं। परमाणु समझौते पर बातचीत ठप होने के कारण अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया से राजनयिकों, सैन्य परिवारों और कुछ कर्मचारियों को वापस बुला लिया है।

ट्रंप ने बढ़ते तनाव का हवाला देते हुए मध्य पूर्व को खतरनाक जगह बताया।

अपने कर्मियों को वापस बुलाया- जब ट्रंप से कर्मियों को वापस बुलाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अमेरिकी कर्मियों को (मध्य पूर्व के कुछ देशों से बाहर निकाला जा रहा है, क्योंकि यह आगे चलकर एक खतरनाक जगह साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि हम इस पर नजर बनाए हुए हैं और हमने नोटिस जारी कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति से जब पूछा गया कि क्या मध्यपूर्व में तनाव कम करने के लिए कुछ किया जा सकता है, तो ट्रंप ने कहा कि उनके पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते और न हम इसकी अनुमति देंगे। यहां वो ईरान का जिक्र कर रहे थे।

दूतावास को खाली करने की तैयारी- राष्ट्रपति ट्रंप ने राजनयिकों और कर्मियों को वापस बुलाने की पुष्टि रायटर की रिपोर्ट आने के बाद की है, जिसमें कहा गया कि अमेरिका इराक में अपने दूतावास को आंशिक रूप से खाली करने की तैयारी कर रहा है और अन्य सैन्य कर्मियों को भी सुरक्षा जोखिमों के कारण मध्य-पूर्व में स्थानों को छोड़ने की अनुमति दे रहा है।

ये आदेश ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि इजरायल, जो अभी गाजा के साथ युद्ध लड़ रहा है, ईरान में परमाणु सुविधाओं पर हमला करने की तैयारी कर रहा है।

## क्या होगी एक और जंग? ईरान पर हमला करने की तैयारी में इजरायल, मिडिल ईस्ट में हाई अलर्ट



इजरायल जल्द ही ईरान में एक ऑपरेशन की शुरुआत कर सकते हैं। इसके साथ ही अमेरिका को लगता है कि ईरान पड़ोसी मुल्क इराक में कुछ अमेरिकी साइटों पर जवाबी कार्रवाई कर सकता है। इसलिए अमेरिका ने अपने कुछ नागरिकों को इलाका छोड़ने की सलाह दी है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने गैर-आपातकालीन सरकारी अधिकारियों को बढ़े हुए तनाव को देखते हुए इराक से बाहर जाने का आदेश दिया है। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप के मिडिल-ईस्ट के दूत स्टीव विटकॉफ आने वाले दिनों में देश के परमाणु कार्यक्रम पर छठे दौर की वार्ता के लिए ईरान से मिलने की योजना बना रहे हैं।

ट्रंप का बयान- ट्रंप ने गुरुवार को कैनेडी सेंटर में लेस मिजरेबल्स के प्रदर्शन में भाग लेते हुए कहा कि खतरे को देखते हुए अमेरिकी सैन्य कर्मियों को मिडिल-ईस्ट के कुछ देशों से बाहर निकाला जा रहा है। ट्रंप का यह बयान ईरान क साथ अमेरिका की वार्ता के असफल दौर के बाद आया है। उन्होंने कहा, ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकते हैं। हम इसकी अनुमति नहीं देंगे।

टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग और सेना ने बुधवार को कहा कि क्षेत्रिय अशांति की संभावना के कारण मिडिल-ईस्ट में जिनकी जरूरत नहीं है, ऐसे लोगों को वापस भेजा जा रहा है, क्योंकि पड़ोसी ईरान के साथ बिगड़ती परमाणु वार्ता के बीच तनाव बढ़ गया है।

# गाजीपुर में किसके घर रुकी थी सोनम? राजा रघुवंशी के भाई का खुलासा, कहा- तीन लोगों ने की मदद



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंदौर कपल केस में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। पति राजा रघुवंशी की हत्या करने के आरोप में सोनम रघुवंशी को मेघालय पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोप हैं कि सोनम ने राज के साथ मिलकर राजा रघुवंशी को मारा।

अब राजा रघुवंशी के भाई विपिन ने दावा किया है कि सोनम रघुवंशी को फरार होने में राज कुशवाहा ने ही मदद की। इंदौर में रुकने के बाद सोनम उप्र में रहने वाली राज की बहन के घर में रुकी। उसकी तीन अन्य लोगों ने भी मदद की है।

अभी एक और किरदार सामने आना बाकी- सोनम दो लोगों के साथ गाजीपुर गई थी। एक महिला ने सोनम को दो लोगों के साथ वाराणसी में देखा है। विपिन ने कहा कि मुझे आशंका है कि राज के अलावा भी नया किरदार है जो अभी तक सामने ही नहीं आया है।

होम स्टे पर मंगलसूत्र और अंगूठी छोड़ी- डीआईजी के मुताबिक सोनम ने 23 मई को बैग में ही मंगलसूत्र और अंगूठी छोड़ दी थी। इस बैग को पुलिस ने होम स्टे से बरामद किया है। जिस दिन मंगलसूत्र मिला, उसी दिन सोनम पर शक हो गया। नई नवेली दुल्हन मंगलसूत्र कैसे बैग में रख सकती है। पूछताछ में पता चला सोनम राजा को मारने के बाद बैग लेकर भागना चाहती थी। इत्तेफाक से बैग स्कूटर की डिक्की में नहीं रख सकी और राजा ने होम स्टे पर ही छोड़ दिया।

सोनम ने यह भी बताया कि पहले उसका इरादा हादसा बताने का था। राजा को धक्का देकर मारना चाहती थी। फोटोशूट के दौरान विक्की और आकाश के धक्का न देने पर उन पर गुर्राई और इशारा किया। विशाल ने राजा पर अटैक किया तो उसने संघर्ष किया। फिर दूसरा वार किया गया।

# संविधान स्याही से उकेरी गई परिवर्तनकारी शक्ति, CJI बीआर गवई बोले- यह एक भावना



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने संविधान को स्याही से उकेरी गई एक शांत क्रांति और परिवर्तनकारी शक्ति बताया है, जो न केवल अधिकारों की गारंटी देता है, बल्कि ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित लोगों का सक्रिय रूप से उत्थान करता है।

भारत के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन होने वाले दूसरे दलित और पहले बौद्ध न्यायाधीश गवई ने मंगलवार को ऑक्सफोर्ड यूनियन में प्रतिनिधित्व से लेकर कार्यान्वयन तक - संविधान के वादे को मूर्त रूप देना विषय पर अपने संबोधन में हाशिए पर पड़े समुदायों पर संविधान के सकारात्मक प्रभाव पर प्रकाश डाला।

संविधान नागरिकों को अपने लिए बोल सिखाता हैं- इस बात को स्पष्ट करने के लिए उन्होंने अपना स्वयं का उदाहरण दिया। सीजेआई ने कहा कि कई दशक पहले भारत के लाखों नागरिकों को अछूत कहा जाता था। उन्हें बताया जाता था कि वे अशुद्ध हैं। उन्हें बताया जाता था कि वे अपने लिए नहीं बोल सकते। लेकिन आज हम यहां हैं, जहां उन्हीं लोगों से संबंधित एक व्यक्ति देश की न्यायपालिका में सर्वोच्च पद धारक के रूप में खुलकर बोल रहा है।

# थाईलैंड में शादी, 19 प्लॉट और विला... बिजनेसमैन को मात दे रहा था तेलंगाना का इंजीनियर



नई दिल्ली (एजेंसी)। तेलंगाना में सिंचाई विभाग के एक कार्यकारी इंजीनियर की आलीशान जिंदगी को देखकर आप हैरत में पड़ जाएंगे कि एक सरकारी इंजीनियर के पास इतना पैसा कहां से आया। इंजीनियर ने अपने बेटे के लिए थाईलैंड में एक डेस्टिनेशन वेडिंग की जिस पर करोड़ों खर्च किए गए और उसके पास एक विला, तीन स्वतंत्र इमारतें, 19 प्रमुख आवासीय प्लॉट, कम से कम चार फ्लैट और कई होटलों में हिस्सेदारी है।

13 ठिकानों पर छापेमारी- सरकारी इंजीनियर तो बहुत अमीर व्यवसायी को भी मात दे रहा था लेकिन अब उसकी इस आलीशान जिंदगी पर ग्रहण लग गया है। क्योंकि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को कार्यकारी इंजीनियर नुने श्रीधर से जुड़े 13 ठिकानों पर छापेमारी की और ऐसी संपत्तियां पाई जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक हैं।

सूची में हैदराबाद के शेखपेट में स्काई हाई नामक एक आलीशान आवासीय परिसर में 4,500 वर्ग फुट का फ्लैट, इसके अलावा करीमनगर में कम से कम तीन अन्य फ्लैट शामिल हैं।

तीनों शहरों में 19 प्रमुख आवासीय भूखंड - अधिकारियों ने बताया कि श्रीधर के पास हैदराबाद के पास तेलपुर में एक विला, वारंगल, करीमनगर और हैदराबाद में कम से कम तीन स्वतंत्र इमारतें, तीनों शहरों में 19 प्रमुख आवासीय भूखंड, 16 एकड़ कृषि भूमि और करीमनगर में कई होटलों में हिस्सेदारी है।

# BSF जवानों को ड्यूटी पर जाने लिए दी गई गंदी और जर्जर ट्रेन, रेलवे मंत्री ने 4 अधिकारियों को किया निलंबित



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमरनाथ यात्रा के दौरान तैनाती के लिए त्रिपुरा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को लाने के लिए जर्जर और गंदे डिब्बों वाली ट्रेन उपलब्ध कराए जाने के मामले में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। उन्होंने तूल पकड़ चुके इस मामले की जांच के आदेश भी दिए हैं।

रेल मंत्रालय के अनुसार,वैष्णव ने कहा है कि सुरक्षा बलों की गरिमा सर्वोपरि है। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे जोन द्वारा एक्स पर एक पोस्ट में आरोपों को खारिज करने के एक दिन बाद की गई। इंटरनेट मीडिया यूजर्स ने आनलाइन सामने आए ट्रेन के वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए डिब्बों की स्थिति को लेकर रेलवे की13 आलोचना की थी।

1,200 जवानों को विशेष ट्रेन में होना था सवार- बीएसएफ की 13 कंपनियों से लगभग 1,200 जवानों को छह जून को त्रिपुरा के उदयपुर से जम्मू तवी के लिए एक विशेष ट्रेन में सवार होना था। ट्रेन का बीच में कुछ स्थानों पर ठहराव था। त्रिपुरा, असम और बंगाल में चार स्थानों से जवान सवार होने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन नौ जून को बीएसएफ को उपलब्ध कराई गई थी।

जवानों ने बनाया वीडियो - इसकी खराब और जर्जर स्थिति को देखने के बाद जवानों ने एक डिब्बे का निरीक्षण करते हुए वीडियो बना लिया। ट्रेन के डिब्बों की स्थिति को दर्शाने वाले वीडियो इंटरनेट मीडिया पर सामने आने पर रेलवे को विभिन्न क्षेत्रों से कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा। इसके बाद रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया।

# राजा हत्याकांड के बाद एक और खौफनाक वारदात, शादी के 15 दिन बाद पत्नी ने कुल्हाड़ी से की सो रहे पति की हत्या



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजा रघुवंशी हनीमून मर्डर केस ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। ऐसे ही एक झकझोर देने वाली घटना महाराष्ट्र से सामने आई है। महाराष्ट्र में एक महिला ने अपने पति की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी, जब वह सो रहा था।

यह घटना शादी के महज तीन हफ्ते बाद हुई है। पुलिस अधिकारियों ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना 10 जून की रात को हुई, जब नवविवाहित जोड़े के बीच झगड़ा हुआ था। पुलिस के मुताबिक, इस कपल की शादी 23 मई को महाराष्ट्र के सांगली जिले में हुई थी।

दोनों के बीच हुआ झगड़ा - 10 जून की रात दोनों के बीच जमकर झगड़ा हुआ, जिसके बाद पीड़ित अनिल लोखंडे आधी रात के आसपास सोने चला गया। अधिकारियों ने बताया कि गुस्से में आकर महिला राधिका लोखंडे ने कुल्हाड़ी उठाई और अपने पति के सिर पर वार कर दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

कुछ ही मिनटों बाद राधिका ने अपने चचेरे भाई को फोन करके अपनी तरफ से किए गए अपराध के बारे में बताया।

पुलिस के खिलाफ पत्नी ने लिया एक्शन - अधिकारियों ने आगे बताया कि पुलिस ने राधिका को गिरफ्तार कर लिया और उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। उसके खिलाफ बीएनएस (हत्या) की धारा 103 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

शुरुआती जांच में हत्या के पीछे पारिवारिक कलह का संकेत सामने आया है। हालांकि, अधिकारी आगे की जांच कर रहे हैं।

राजा हत्याकांड के बाद सामने आया मामला - यह घटना इंदौर के बिजनेसमैन राजा रघुवंशी की पिछले महीने मेघालय में हनीमून के दौरान उनकी पत्नी सोनम की तरफ से की गई हत्या के बाद में हुई है। हत्या की योजना सोनम, उसके प्रेमी राज कुशवाह और उसके तीन दोस्तों ने बनाई थी। जिन्होंने असल में हत्या की।

# प्रचंड गर्मी से लोगों को जल्द मिलेगी राहत



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। दिल्ली-एनसीआर में आज गर्मी का रेड अलर्ट जारी कर दी गई। राजस्थान से लेकर बिहार तक पारा 42 डिग्री पार कर चुका है।उत्तर और पश्चिम भारत में रहने वाले लोगों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है। इसी बीच भारतीय मौसम विभाग ने मानसून और बारिश को लेकर ताजा अपडेट दिया है।

आईएमडी के अनुसार 12 से 17 जून तक देश के कई राज्यों में भारी बारिश की उम्मीद है। कई जगहों पर तेज हवाओं के चलने के साथ ही बिजली गिरने की संभावना भी जताई जा रही है।

सबसे पहले बात की जाए उत्तर और पश्चिम भारत की तो 13 से लेकर 17 जून के बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली-NCR में बारिश की उम्मीद है।

कुछ दिनों पहले भी मौसम विभाग ने अनुमान जताया था कि 12 जून के बाद दिल्ली-NCR में मौसम करवट लेगी। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से हल्की बारिश की संभावना है। हालांकि, हरियाणा और पंजाब में 14 जून को लू चलने की आशंका जताई गई है। हरियाणा और पंजाब के कई जिलों में पारा 45 डिग्री पार कर चुका है।

यूपी-बिहार में कैसा है मौसम का हाल- बात करें उत्तर प्रदेश की तो सूबे में 12 जून से मौसम में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। कई जिलों में आज से गरज चमक के साथ बिराश की उम्मीद है। वहीं, 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार के हवाएं भी चलने की संभावना है। हालांकि, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हीटवेव का दौर जारी रहेगा। अगले दो दिनों के बाद पश्चिम यूपी में भी बारिश की उम्मीद है।

पहाड़ी राज्यों में भी गर्मी से लोगों का हाल बेहाल- बात करें पहाड़ी राज्यों की तो हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाके भी भीषण गर्मी और लू चल रही है। राजस्थान के गंगानगर में तो बुधवार को पारा 48 डिग्री पार कर चुका था।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल चतुर्थी


## संपादकीय

# आज दुनियाँ का हरदेश भ्रष्टाचार सत्ता का दुरुपयोग, कर्तव्यों की अवहेलना, भेदभाव से नागरिकों का उत्पीड़न हो रहा है



आज दुनियाँ का हरदेश भ्रष्टाचार सत्ता का दुरुपयोग, कर्तव्यों की अवहेलना, भेदभाव से नागरिकों का उत्पीड़न हो रहा है। हालांकि उपरोक्त सभी उलेखित कर्मचारी अधिकारियों को सजा देने के लिए हर देश में कानून नियम विनियमन व्यवस्थाएं बनीं हुई हैं,परंतु हर प्रदेश की प्रक्रिया अलग-अलग हो सकती है,जबकि उद्देश्य एक ही है कि उन पदों पर बैठे हुए व्यक्तियों की यह दबंगई बंद होना चाहिए, व आम नागरिकों के हित व सेवा में उनके द्वारा अपनी सेवाओं को समर्पित रखना चाहिए, जिसके लिए आम जनता के पास सबसे बड़ा हथियार उनकी शिकायत करना है, ताकि शासन के अति उच्च पदों पर बैठे जनता के प्रति जवाबदेह उनपर कार्रवाई कर सके, परंतु अनेकों विभागों में शिकायतों के निर्धारित प्रारूप बनाया गया है, जो पीड़ितों के लिए परेशानी का सबक बन गए है, जिसके लिए वे शिकायतें नहीं कर पाते और शिकायत करने में उनका संबंधित कर्मचारी सहयोग करते हैं।इस विषय परआज हम चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि, भारत के भ्रष्टाचार रोधी निकाय लोकपाल ने हाल में कहा कि निर्धारित प्रारूप के बिना भ्रष्टाचार की शिकायतों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने 5 जून 2025 के परिपत्र में कहा कि लोकपाल के पास अपने आदेशों की समीक्षा करने का अधिकार नहीं है। तथा विभागों में मुझे स्वयं भी फॉर्मेट में शिकायत की बात कही गई थी,चूँकि शासकीय प्रताड़ना से पीड़ित शिक्षित ग्रामीण भोली भाली जनता की शिकायतें बिना निर्धारित प्रारूप के खारिज हो जाती है, अधिकारी कर्मचारी उनका सहयोग नहीं करते, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत के हर शासकीय कार्यालयों में रिश्वतखोरी भ्रष्टाचार ,सत्ता का दुरुपयोग, कर्तव्यों की अवहेलना भेदभाव उत्पीड़न की शिकायतों को बिना निर्धारित प्रारूप में याने सादे कागजों पर भी करना जरूरी हो यदि हम भ्रष्टाचार व कर्तव्यों की अवहेलना इत्यादि बुराइयों से तंग है तो आइए उनकी शिकायतों की प्रक्रिया को बहुत गहराई से समझें।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार को समझने की करें तो, भ्रष्टाचार एक ऐसा अपराध है, जो हमारे देश को सामाजिक और आर्थिक रुप से बहुत नुकसान पहुँचाता है। कुछ लोग अपनी नाम व ताकत का गलत इस्तेमाल करके ऐसे अपराधों को बढ़ावा देते है, जिसके कारण देश के गरीब लोगों के साथ बहुत ही अन्याय होता है। आज यह समस्या इतनी बढ़ गई है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन, और न्याय व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं से जुड़े लोग भी भ्रष्ट हो गए है। जब तक हम इस समस्या को समझ नहीं पाएंगे, तब तक हम इसके खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ सकते। इसलिए आज के लेख द्वारा हम इस विषय से जुडी पूरी जानकारी समझने की कोशिश करेंगे जैसे कि भारत में भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून और भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज करने के कानूनी विकल्प क्या है? भ्रष्टाचार के अपराध में मिलने वाली सजा व कानूनी प्रावधान?हर दिन हमें ऐसी खबरें देखने और सुनने को मिलती हैं जहां किसी सरकारी कर्मचारी ने रिश्वत ली, किसी ठेकेदार ने विकास परियोजनाओं में धोखाधड़ी की, या किसी उच्च अधिकारी ने अपनी शक्ति का गलत इस्तेमाल बहुत ही दबंगई के साथ किया। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनी प्रावधानों व अधिकारों को समझने की करें तो,भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज करने के लिए कई कानूनी अधिकार और प्रावधान मौजूद हैं,आइये इन्हें आसान भाषा में जानते है- (1) सूचना का अधिकार (आरटीआई) इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति सरकारी विभागों से जानकारी मांगसकता है, और यदि उस जानकारी में भ्रष्टाचार के कोई भी सबूत मिलते हैं, तो ऐसे अपराधों को सभी के सामने लाया जा सकता है।

# विवेक गुप्ता



मेजर विवेक गुप्ता महावीर चक्र से सम्मानित भारत के जांबाज सैनिक थे। कारगिल युद्ध के दौरान 13 जून, 1999 को तोलोलिंग टॉप में दुश्मन के ठिकानों पर शुरुआती हमले में मेजर विवेक गुप्ता को अपनी कंपनी का नेतृत्व करने का मौका दिया गया था। इस दौरान उन्होंने अदम्य साहस व पराक्रम का परिचय दिया। युद्ध के दौरान उन्हें दो गोलियां लगीं, लेकिन उन्होंने फिर भी दुश्मनों पर हमला जारी रखा। आमने-सामने की लड़ाई में उन्होंने दुश्मन के तीन सैनिक मारे गिराये, लेकिन वह इस बीच दुश्मनों के हमले में वीर गति को प्राप्त हो गए। विवेक गुप्ता की वीरता के चलते ही भारत ने तोलोलोंग टॉप पर विजय प्राप्त की थी। मेजर विवेक गुप्ता को उनकी वीरता के लिए मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया।

## परिचय

मेजर विवक गुप्ता का जन्म 2 जनवरी सन 1970 को देहरादून, उत्तराखंड में हुआ था। उनके पिता कर्नल बी.आर.एस. गुप्ता भी भारतीय सेना में थे। सेना की पृष्ठभूमि वाले मेजर विवेक गुप्ता की स्कूली शिक्षा आर्मी पब्लिक स्कूल, धौलाकुंआ, नई दिल्ली में 1987 में हुई। ऊर्जावान व्यक्तित्व, जोश और उत्साह से लवरेज विवेक गुप्ता जून 1988 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल हुए। 13 जून 1992 को एक यंग सैकेंड लेफ्टिनेंट के रूप में भारतीय सैन्य अकादमी पास की। इसके बाद उन्हें दो राजपूताना राइफल्स में शामिल किया गया और पोस्टिंग मिली। मेजर विवेक गुप्ता ने कमीशन लेने के ठीक पांच साल बाद यानी 13 जून 1999 को अपने जीवन को देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए बलिदान कर दिया।

## ऑपरेशन विजय

कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सेना ने सामरिक दृिष्ट से सबसे महत्वपूर्ण चोटी तोलोलिंग पर कब्जा कर लिया था। लिहाजा अब भारतीय सेना के समक्ष इस चोटी को दुश्मन सेना के कब्जे से मुक्त कराने का पहला लक्ष्य था। कमान अधिकारी ने मेजर विवेक गुप्ता को तोलोलिंग पहाड़ियों से पाकिस्तानी घुसपैठियों को बाहर करने और चोटी को मुक्त कराने की जिम्मेदारी सौंपी। सैन्य नजरिए से यह काम बेहद कठिन और चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मेजर विवेक गुप्ता और उनके साथियों ने इसे सहर्ष स्वीकार किया। 12 जून, 1999 को मेजर विवेक गुप्ता ने तोलोलिंग चोटी को पाकिस्तानी घुसपैठियों से मुक्त कराने के दौरान जो जांबाजी दिखाई, उससे दुश्मन के दांत खट्टे हो गए। मेजर गुप्ता और बटालियन ने अभूतपूर्व साहस और जांबाजी दिखाते हुए उस पहाड़ी से घुसपैठियों को भागने पर मजबूर कर दिया।

2 राजपुताना राइफल्स के मेजर विवेक गुप्ता के नेतृत्व में 12 जून की रात को तोलोलिंग चोटी पर विजय करने के लिए कंपनी रवाना हुई। मेजर विवेक का पाकिस्तानी सेना से आमना-सामना हुआ। ऊंचाई पर बैठे दुश्मन सेना ने मेजर गुप्ता और उनकी टीम पर गोलियों बरसाना शुरू कर दिया, जिसमें मेजर गुप्ता को दो गोलियां लगीं, परंतु गोलियाँ लगने के बावजूद घायल अवस्था में भी मेजर गुप्ता ने तीन पाकिस्तानियों को ढेर कर बंकर पर कब्जा कर लिया। बंकर पर कब्ज़ा करने के बाद मेजर विवेक गुप्ता ने वहां पर तिरंगा लहराया। 13 जून को इस बेहद चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को हासिल कर लिया गया। हालांकि इस बीच मेजर विवेक गुप्ता गोली लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो चुके थे, परंतु घायल अवस्था के बावजूद भी वो अपनी अंतिम सांस तक दुश्मनों से लोहा लेते रहे। उनके सैन्य कैशल के चलते कई दुश्मन मारे गए और बड़ा क्षेत्र भारतीय सेना के कब्जे में आ गया। अंत में माँ भारती की रक्षा करते हुए मेजर विवेक गुप्ता वीरगति को प्राप्त हो गए।

## महावीर चक्र

रणक्षेत्र में महान पराक्रम और असाधारण वीरता दिखाने के लिए मेजर विवेक गुप्ता को मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया।

साल 1999 में भारत-पाकिस्तान के बीच जब कारगिल युद्ध चल रहा था, उन्हीं दिनों क्रिकेट वर्ल्ड कप भी चल रहा था। समाचार पत्रों और टेलीविजन पर जब कारगिल युद्ध के मैदान में बलिदान हुए देश के वीर-सपूतों की बहादुरी की ख़बरें आतीं तो लोग भावुक हो जाते और आंसुओं का सैलाब आ जाता। देश की आम जनता के साथ-साथ फिल्मी कलाकारों और क्रिकेटरों में भी शहीदों को लेकर भावनाएं उमड़ रहीं थीं। इसी दौरान समाचार पत्रों में एक ऐसी तस्वीर छपी, जिसको देखने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए। वो तस्वीर थी मेजर विवेक गुप्ता के बलिदान की। कपिल देव को पाकिस्तान की इस हरकत पर ऐसा गुस्सा आया कि उन्होंने भारत सरकार से कहा कि बहुत हुआ, अब बंद करो पाकिस्तान के साथ क्रिकेट खेलना, नहीं चाहिए हमें पाकिस्तान से खेल की कमाई।

मेजर विवक गुप्ता का जब पार्थिव शरीर दिल्ली पहुंचा तो उनके अंतिम दर्शनों के लिए आम लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। हर कोई अपने नायक का अंतिम दर्शन कर उन्हें नमन करना चाहता था। बारी-बारी से सभी ने उन्हें श्रद्धांजिल दी। मेजर विवेक गुप्ता की पत्नी कैप्टन जयश्री भी सेना की ड्रेस में वहां पहुंचीं और अपने अमर बलिदानी पति को सेल्यूट किया। इस घटना को कपिल देव भी ने भी देखा। जैसे ही कैप्टन जयश्री ने सैन्य धुन पर सलामी दी, कपिल देव टीवी के सामने खड़े हो गए और रोने लगे। ये दोनों तस्वीरें जब मीडिया में प्रसारित और प्रकाशित हुईं तो देश में उबाल आ गया था।


## कारगिल युद्ध- जून 1999

मेजर विवेक गुप्ता ने 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान टोलोलिंग की चोटी पर कब्ज़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। द्वितीय राजपुताना राइफल्स उस समय युद्ध में गई थी जब भारतीय सेना के पास घुसपैठ की सही मात्रा के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं थी। मेजर गुप्ता और द्वितीय बटालियन , राजपुताना राइफल्स के उनके लोगों को द्रास सेक्टर में टोलोलिंग की खतरनाक, बर्फीली ढलानों पर बिंदु 4590 पर फिर से कब्ज़ा करने का काम सौंपा गया था। वह एक लाइट मशीन गन कमांडो टीम का हिस्सा थे, जिन्हें टोलोलिंग की पहाड़ी की चोटी पर पाकिस्तानी बंकरों पर फिर से कब्ज़ा करने के लिए कहा गया था। कारगिल में बाद के कई ऑपरेशनों की तरह, यह भी एक खतरनाक मिशन था, जिसमें दुश्मन की चौकियों की ओर ऊपर की ओर चढ़ना पड़ता था, जिन्हें ऊंचाई और विहंगम दृश्य का लाभ था।

मेजर विवेक 13 जून को द्रास सेक्टर की बर्फीली ढलानों पर दो मुश्किल चौकियों पर कब्जा करने के बाद शहीद हो गए थे। वे युद्ध के मैदान में शहीद हो गए, जब पाकिस्तानियों की गोलियों की बौछार ने उनके धड़ को चीर दिया, लेकिन इससे पहले वे और उनकी कंपनी के लोग दुश्मन के शिविर में सात लोगों को मार चुके थे। उनका शव तुरंत बरामद नहीं किया जा सका और यह टोलोलिंग टॉप पर पड़ा रहा, इससे पहले कि 15 जून को भारतीय सेना ने दुश्मन की गोलीबारी का सामना करते हुए शवों को बचाने के लिए एक मिशन भेजा।

मेजर विवेक गुप्ता के लिए जीवन का चक्र पूरा हो गया क्योंकि वह ठीक उसी दिन शहीद हुए जिस दिन उन्होंने सात साल पहले राजपुताना राइफल्स में शामिल हुए थे। ÷यह जानते हुए कि उनकी पूरी कंपनी चारों तरफ से गोलियों की बौछार के बाद बैठे हुए बत्तख की तरह है मेजर विवेक ने पाकिस्तानियों से मुकाबला करने के लिए अकेले हमला किया। जहां मेरे 27 वर्षीय बेटे ने अपना खून साबित कर दिया, वहीं उसके साथी सैनिक और अधिक चोटियों को जीतने के लिए जीवित रहे,÷ कर्नल गुप्ता ने अपने बेटे की मौत पर कहा। कहा जाता है कि वह अपने पिता के बहुत करीब थे और उनके पिता मेजर गुप्ता पर बहुत गर्व करते थे कि उनका बेटा एक नायक की मौत मरा। उन्होंने मेजर विवेक की मृत्यु के बाद भारतीय सेना को एक पत्र भेजा जिसमें उन्होंने उनके प्रति अपना दुख और गर्व व्यक्त किया।

# सरकार के एक बयान से बुरी तरह गिरा Paytm का शेयर, 10% तक टूटा




नई दिल्ली (एजेंसी)। पेटीएम के शेयर आज फिर भारी गिरावट के चलते चर्चा में हैं। शुरुआती कारोबार में वन 7 कम्युनिकेशन, पेटीएम की पैरेंट कंपनी का स्टॉक 10 फीसदी तक टूट गया। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट सरकार के उस बयान के बाद आई है, जिसमें वित्त मंत्रालय की ओर से यूपीआई ट्रांजेक्शन पर एमडीआर लगाने के बारे में सफाई दी गई।

दरअसल, फाइनेंस मिनिस्ट्री ने उन मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया, जिनमें यह दावा किया जा रहा था कि 3000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई ट्रांजेक्शन पर MDR (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) लगाया जाएगा।

इन रिपोर्ट्स मे कहा गया था सरकार बैंकों और पेमेंट सॉल्युशन प्रोवडर्स को सहायता प्रदान करने के लिए 3,000 रुपए और उससे अधिक मूल्य के लेनदेन पर एमडीआर लागू करने की योजना बना रही है। लेकिन, सरकार ने इस दावे को गलत और भ्रामक बताया।

पिछले साल के बाद सबसे बड़ी गिरावट- पेमेंट एग्रीगेटर पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के शेयरों में 10त्न तक की गिरावट देखी गई। शेयरों में यह गिरावट पिछले साल फरवरी के बाद से स्टॉक में एक दिन में आई सबसे बड़ी गिरावट है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली के अनुसार, यूपीआई ट्रांजेक्शन पर एमडीआर से जुड़ा डेवलपमेंट, विशेष रूप से पेटीएम के लिए मायने रखता है। पेटीएम के लिए हमारा एडजस्ट EBITDA अनुमान आम सहमति से ऊपर हैं, और यह स्न्ङ्घ24 के लेवल (2 बेसिस प्वाइंट) पर वापस आ जाएगा।

ब्रोकरेज ने दिया टारगेट प्राइस- ब्रोकरेज़ फर्म UBS ने वन97 कम्युनिकेशंस, पेटीएम के शेयरों को न्यूट्रल रेटिंग दी है और प्रति शेयर 1,000 का टारगेट प्राइस दिया है, साथ ही कहा कि एमडीआर में देरी या इसका न शुरू होना पेटीएम के लिए भावनात्मक रूप से नकारात्मक है। फिलहाल, पेटीएम के शेयर 7.45 फीसदी की गिरावट के साथ 888.90 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं।

## खुलते ही इस आईपीओ के GMP में उछाल, हर शेयर पर दिखा रहा 36 रुपये का फायदा





नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में कमजोरी के साथ हो रहे कारोबार के बीच आज से एक नया आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। खास बात है कि ग्रे मार्केट में इस कंपनी के शेयरों के जीएमपी में तगड़ा उछाल देखने को मिल रहा है। Monolithisch India का पब्लिक इश्यू 12 जून से 16 जून तक खुला रहेगा। इस आईपीओ के जरिए कंपनी 82.02 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है।

इस पब्लिक इश्यू के तहत कंपनी 57.36 लाख नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। इसमें ह्रस्न्स कंपोनेंट नहीं है। आइये आपको बताते हैं इस आईपीओ का प्राइस बैंड,लॉट साइज और न्यूनतम निवेश क्या होगा।

प्राइस बैंड और लॉट साइज- Monolithisch India ने आईपीओ के लिए 135-143 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड रखा गया है। कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग ह्रस्श्व स्द्बद्व श्वद्वद्गह्म्द्द प्लेटफॉर्म पर होगी। एक लॉट में न्यूनतम 1000 शेयर होंगे। निवेशक न्यूनतम 1,000 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं।

आईपीओ खुलने के बाद Monolithisch India के शेयरों को लेकर ग्रे मार्केट में अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। कंपनी के हर शेयर का ग्रे मार्केट प्रीमियम 36 रुपये है। इसका मतलब है कि प्रति शेयर पर 36 रुपये का फायदा हो सकता है। ऐसे में आईपीओ की लिस्टिंग पर 25 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिलने की संभावना है।

## महंगा होगा UPI पेमेंट, ट्रांजेक्शन पर लगेगी मर्चेंट फीस? इन दावों पर सरकार ने क्या कहा




नई दिल्ली (एजेंसी)। 11 जून को आई एक खबर ने यूपीआई ट्रांजेक्शन करने वाले करोड़ों लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी थी, क्योंकि दावा किया जा रहा था कि सरकार यूपीआई के जरिए 3000 रुपये से ज्यादा के ट्रांजेक्शन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट चार्ज लगाने पर विचार कर रही है। हालांकि, अब इस दावे पर सरकार ने सफाई दी है। वित्त मंत्रालय ने उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया जिनमें कहा जा रहा था कि सरकार बड़े यूपीआई लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट लगाने की योजना बना रही है।

मंत्रालय ने एक बयान में इन रिपोर्टों को झूठी और निराधार बताया। फाइनेंस मिनिस्ट्री ने ङ्ग पर एक पोस्ट में कहा, यह अटकलें और दावे कि यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाया जाएगा, पूरी तरह से झूठे, निराधार और भ्रामक हैं। इस तरह की निराधार और सनसनी पैदा करने वाली अटकलें जनता के बीच अनावश्यक अनिश्चितता, भय और संदेह पैदा करती हैं। वित्त मंत्रालय ने कहा कि सरकार यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मीडिया रिपोर्ट्स में किया जा रहा था ये दावा- दरअसल,सरकार की ओर से यह सफाई, उन मीडिया रिपोर्ट्स के सामने आने के बाद आई है, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार बैंकों और पेमेंट सॉल्युशन प्रोवडर्स को सहायता प्रदान करने के लिए 3,000 रुपए और उससे अधिक मूल्य के लेनदेन पर एमडीआर लागू करने की योजना बना रही है।

बता दें कि इस साल की शुरुआत में, नेशनल पेमेंट कार्डसिल ऑफ इंडिया ने केंद्र सरकार से यूपीआई लेनदेन के लिए जीरो एमडीआर पॉलिसी पर फिर से विचार करने का आग्रह किया था।

## 2 रुपये वाले इस शेयर पर टूट पड़े निवेशक, इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की है बड़ी कंपनी




नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में आज भले ही कमजोरी के साथ कारोबार हो रहा है लेकिन एक पेनी स्टॉक ने अपनी तेजी से निवेशकों को हैरान कर दिया है। 2 रुपये से कम कीमत वाला यह स्टॉक 15 फीसदी चढ़ गया है। जीटीएल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरो में यह तेजी स्पेक्युलेटिव बायिंग के चलते आ रही है। क्योंकि, कंपनी के सेक्टर में कुछ बेहतर होने का अनुमान जताया जा रहा है।

खास बात है कि के शेयर दो दिन में 40 फीसदी तक की तेजी दिखा चुके हैं। 11 जून को भी जीटीएल इन्फ्रा लिमिटेड के शेयर 20 प्रतिशत तक चढ़ गए थे।

शेयरों में लगातार क्यों आई तेजी- जीटीएल इन्फ्रा लिमिटेड के शेयर आज 1.90 रुपये के स्तर पर खुले, और 2.17 रुपये का हाई लगाया। फिलहाल, ये शेयर 14 फीसदी की तेजी के साथ 2.07 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं।

दरअसल, इस कंपनी के शेयरों में तेजी की बड़ी वजह टेलिकॉम इन्फ्रास्ट्रक्चर, खासतौर पर 5त्र रोलआउट की उम्मीदों को लेकर है। इस वजह से इन्फ्रा सेक्टर की इस स्मॉलकैप कंपनी के शेयरों में तेजी आ रही है। पिछले एक महीने में जीटीएल इन्फ्रा लिमिटेड के शेयर 40 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दे चुके हैं, लेकिन एक साल में इस स्टॉक ने 5 प्रतिशत का नेगेटिव रिटर्न दिया है।

# डेबिट कार्ड पर भी मिलता एयर एक्सीडेंट इंश्योरेंस, 2 लाख से 5 करोड़ तक का कवर, कैसे करें क्लेम



नई दिल्ली (एजेंसी)। डेबिट कार्ड पर कई तरह के बेनेफिट मिलते हैं। इनमें रिवॉर्ड प्वाइंट्स से लेकर इंश्योरेंस कवर तक शामिल है। हालांकि, डेबिट कार्ड पर मिलने वाले सारे बेनेफिट्स से बहुत कम लोग वाकिफ हैं। क्या आप जानते हैं कुछ डेबिट कार्ड पर पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस कवर भी मिलता है। इनमें नॉन एयर एक्सीडेंटल इंश्योरेंस और पर्सनल एयर एक्सीडेंटल इंश्योरेंस दोनों शामिल है।

एसबीआई से लेकर एचडीएफसी बैंक तक तमाम बड़े बैंक अपने डेबिट कार्ड पर एक्सीडेंटल इंश्योरेंस कवर देते हैं।

एक्सीडेंटल कवर के साथ डेबिट कार्ड्स- SBI Gold बैंकों में अलग-अलग हो सकती है। हालांकि, सामान्य रूप से नीचे दी गई प्रोसेस को फॉलो किया जाता है।

एक्सीडेंट का शिकार होने पर बैंक या कार्ड इश्युर को इसकी सूचना दें। इसके बाद वे क्लेम से जुड़ी प्रोसेस पर गाइड करते हैं।

जरूरी डॉक्युमेंट्स- एक्सीडेंट की घटना और प्रकृति के आधार पर पुलिस रिपोर्ट या मेडिकल प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज़ देने की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए सभी डॉक्युमेंट्स जमा कराएं।

क्लेम फ़ॉर्म भरें- बैंक, ग्राहक को एक क्लेम फॉर्म देता है, जिसे सही तरीके से भरकर बैंक में जमा कराना होता है।

क्लेम फार्म जमा कराने के बाद बैंक आपके दावे की जांच करता है और पुष्टि होने के बाद इंश्योरेंस रकम का भुगतान करता है।

## सोने की कीमत में तगड़ा उछाल, 2 वजहों से भागा गोल्ड



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में गिरावट के बीच गोल्ड प्राइस में तगड़ा उछाल आया है। एमसीएक्स पर अगस्त गोल्ड फ्यूचर 1300 रुपये प्रति दस ग्राम बढ़ गया है। वहीं, सोने के हाजिर भाव में भी 1109 रुपये की बढ़त देखने को मिली है। इंटरनेशनल मार्केट में सोने की कीमतों में तेजी एक खास वजह से आई है। दरअसल, अमेरिका में उम्मीद से कम महंगाई के आंकड़ों ने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। इसके अलावा, मीडिल ईस्ट में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के चलते भी गोल्ड प्राइस में तेजी देखी जा रही है।

एमसीएक्स पर अगस्त गोल्ड फ्यूचर 98000 के करीब ट्रेड कर रहा है, और 1.33 फीसदी की तेजी के साथ 1288 रुपये की बढ़त दिखा रहा है। उधर, इंडियन बुलियन ज्वैलर्स एसोसिएशन ने भी सोने के हाजिर भाव अपडेट कर दिए हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मां को पिटता देखा... 17 साल के बेटे ने कुल्हाड़ी से पिता पर किया ताबड़तोड़ वार



जबलपुर। पिता द्वारा आए दिन मां के साथ मारपीट से तंग आकर बेटे ने पिता की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने नाबालिग आरोपित को हिरासत में लेकर हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार बेलखेड़ा के नयाखेड़ा निवासी गोविंद मल्लाह (38) मजदूरी करता था। वह पत्नी रेवती, बेटी धनवती और 17 वर्षीय बेटे के साथ रहता था। आए दिन वह पत्नी, बेटे और बेटी से मारपीट करता था। मंगलवार रात रेवती और उसकी बेटी धनवती खाना बना रहे थे। बेटा भी घर पर था, रात को करीब आठ बजे गोविंद घर पहुंचा।

खाना बना रही पत्नी रेवती को अपशब्द कहे। इस बात का पत्नी ने विरोध किया, तो गोविंद सामान फेंकने लगा। वह रेवती के बाल पकड़कर घसीटते हुए उसे आंगन में ले गया। इसी दौरान गोविंद ने पास में रखी कुल्हाड़ी उठाई और रेवती के सीने पर पैर रखा और कुल्हाड़ी से उस पर वार करने लगा। तभी रेवती की आवाज सुनकर 17 वर्षीय बेटा वहां पहुंचा। उसने पिता गोविंद से कुल्हाड़ी छीनी और उसी कुल्हाड़ी से पिता की कमर, कान, कांधे और पीठ पर एक के बाद एक वार किए। गोविंद वहीं गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।हत्या करके बैठा रहा नाबालिग

गोविंद की मौत की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। आसपास के लोग उसके घर के बाहर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी पहुंची, तो देखा कि रेवती और उसकी बेटी समेत बेटा भी शव के पास बैठे थे। पूछताछ की, तो पूरी बात समझ आई। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग को पकड़ा। रेवती की रिपोर्ट पर मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज किया।

### *इधर... बदमाशों ने चाकू मारकर की युवक की हत्या*

गोहलपुर के चंडालभाटा इलाके में पांच बदमाशों ने बुधवार रात एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। घटना में युवक को गंभीर चोटे आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में गोहलपुर पुलिस ने आरोपितों पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। गोहलपुर थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि चंडालभाटा निवासी सागर चौधरी (26) पल्लेदारी का काम करता था।शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा बुधवार रात वह घर के पास था तभी भीम, प्रिंस, सुमित, राधे और सचिन से उसका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की पांचों बदमाशों ने सागर पर एक के बाद एक कई बार कर दिए। वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। सूचना मिलते ही पुलिस और स्वजन मौके पर पहुंचे घायल को अस्पताल ले गए इसके पहले उसने दम तोड़ दिया। पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# बिहार से परीक्षा देने एमपी आए युवक की हत्या, गमछे से पैर बाधंकर शव नहर में फेंका

सतना। बिहार राज्य के मधेपुरा जिले से सतना में डीएलएड की परीक्षा देने आए 29 वर्षीय युवक पवन कुमार की हत्या कर दी गई। जिसकी लाश बुधवार को खम्हरिया पयसियान स्थित नहर में मिली। जिसके दोनों पैर गमछे से बंधे हुए थे और सिर पर पत्थर से हमला करने के निशान मिले। जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल पर खून के छीटों के साथ खून से सना पत्थर भी मिला है।शव मिलने की सूचना इंटनेट के जरिए मिली

जिहाजा पुलिस ने अंदाजा लगाया है कि लाश मिलने वाले स्थल पर ही युवक की हत्या की गई है। दरअसल, कोलगवां पुलिस को बुधवार को नहर के पास शव मिलने की सूचना इंटनेट मीडिया के जरिए मिली। जिसके बाद पुलिस ने मृतक की फोटो इंटरनेट मीडिया में वायरल कर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए।

### *संभावित पहलुओं की हो रही है जांच*

इस दौरान गुरुवार को पुलिस ने मृतक के दोस्त अभिषेक को शव दिखाया। तब जाकर मृतक युवक की पहचान हो सकी है। वैज्ञानिक डॉ. महेंद्र सिंह और उनकी फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर भौतिक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस सभी संभावित पहलुओं पर जांच कर रही




है। आरोपियों का फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है।

### *अपने दोस्त के साथ किराए कमरे पर रहता था मृतक*

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक पवन कुमार धवारी स्थित एक मकान में किराए के कमरे में अपने दोस्त अभिषेक सिंह के साथ रहता था। पवन 22 मई को अभिषेक के साथ परीक्षा देने सतना आया और 11 जून को दोनों का आखिरी पेपर था। जिस पर सुबह करीब सात बजे दोनों परीक्षा केन्द्र एमएलबी विद्यालय पहुंचे।

### *दोस्त ने दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट*

लेकिन पवन केन्द्र के अंदर नहीं गया। जिसके बाद वह लापता रहा। जिस पर मृतक के दोस्त अभिषेक ने पुलिस को बताया कि परीक्षा के बाद वह कमरे गया। जहां पवन नहीं मिला। तब अभिषेक ने सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

### *सुबह 7 से 9 बजे के बीच हुई मौत*

घटनास्थल का जायजा लेने के बाद पुलिस द्वारा अंदाजा लगाया गया है कि इस वारदात को सुबह सात बजे से नौ बजे के बीच अंजाम दिया गया होगा। हालंकि मृतक के दोस्त के बयान के आधार पर पुलिस एमएलबी विद्यालय से लेकर घटना स्थल तक के रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तालाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक इस वारदात को दो से तीन लोगों ने मिलकर ही अंजाम दिया होगा।

## इस दिन एमपी में प्रवेश करेगा मानसून, आज यहां बारिश की संभावना...



जबलपुर/भोपाल । भीषण गर्मी और उमस का सामना कर रहे मध्य प्रदेश के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। सुस्त पड़े मानसून के 14 जून से एक बार फिर आगे बढ़ने के संकेत मिले हैं।बालाघाट के रास्ते से दस्तक दे सकता है मानसून मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, अपने निर्धारित समय 15 जून को मानसून मध्य प्रदेश में मंडला, बालाघाट के रास्ते से दस्तक दे सकता है। वहीं, मंगलवार को भी गर्मी के तेवर तीखे बने रहे। सबसे अधिक 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान नौगांव में दर्ज किया गया। रतलाम एवं धार में लू का प्रभाव रहा।

**मध्य प्रदेश में कैसा रहेगा मौसम?**–मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, गुरुवार को भी कहीं-कहीं लू का प्रभाव रह सकता है। जबलपुर, नर्मदापुरम एवं इंदौर संभाग के जिलों में वर्षा होने की भी संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून 10 दिन से स्थिर बना हुआ है।

## प्रदेश पुलिस भर्ती घोटाले में 14 गिरफ्तार, फरार आरोपितों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित




भोपाल। मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती घोटाले में फर्जी अभ्यर्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। साल्वर के जरिए परीक्षा देकर आरक्षक बनने वाले अब तक 33 उम्मीदवारों का खुलासा हो चुका है। वहीं जांच एजेंसियों को आशंका है कि यह संख्या और भी अधिक हो सकती है। अब तक इस मामले में 14 आरोपित गिरफ्तार किए गए हैं और चार फरार आरोपितों पर 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

राज्य पुलिस द्वारा की जा रही गहन जांच में यह सामने आया है कि आरोपितों ने आधार कार्ड अपडेट कर साल्वर से बायोमेट्रिक दर्ज करवाया, और फिर शारीरिक परीक्षा से पहले फिर से आधार अपडेट कर खुद का बायोमेट्रिक दर्ज कराया। इस तरह बायोमेट्रिक आधारित सुरक्षा प्रणाली को चकमा देकर नौकरी हासिल की गई। मुख्य तथ्य

अब तक 33 फर्जी उम्मीदवारों की पहचान।14 आरोपितों को किया गया गिरफ्तार, जिनमें साल्वर और आधार अपडेट कराने वाले भी शामिल।अब तक 24 एफआईआर दर्ज की गई हैं।चार फरार आरोपितों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित।आधार अपडेट की मदद से साल्वर और वास्तविक उम्मीदवारों ने बदला बायोमेट्रिक डेटा।राज्यभर में टीमें गठित, एसआईटी की अभी जरूरत नहीं मानी गई।उत्तर प्रदेश, बिहार, और गुजरात से जुड़े साल्वर गिरोहों का खुलासा।जांच अधिकारियों ने क्या कहा?

जांच अधिकारियों का मानना है कि अभी तो मामला केवल आरक्षक भर्ती परीक्षा तक सीमित है, लेकिन यही गिरोह अन्य सरकारी परीक्षाओं में भी साल्वर भेज चुका हो, इसकी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

10 में से 7 टॉपर्स संदेह के घेरे मेंग्वालियर के एक परीक्षा केंद्र में हुई पटवारी भर्ती परीक्षा में भी 10 में से 7 टॉपर्स संदेह के घेरे में थे। इससे साफ है कि भर्ती प्रक्रियाओं में सुनियोजित फर्जीवाड़ा फैला हुआ है।

भर्ती परीक्षाओं में बायोमेट्रिक सत्यापन एक मजबूत प्रणाली मानी जाती है, लेकिन इस घोटाले में दिखाया गया कि कैसे आधार अपडेट प्रणाली का गलत इस्तेमाल कर बायोमेट्रिक डेटा को दो बार बदला गया और सरकारी नौकरी पाई गई।हर जिले में बनी टीमें

जांच के तय बिंदुओं के आधार पर आगे बढ़ रही पड़ताल।पुलिस मुख्यालय के मुताबिक सभी संभावित अभ्यर्थियों की जांच की जा रही है।

## ग्वालियर में 44-45 डिग्री तापमान में बढ़े हीट स्ट्रोक के मामले, जानिए क्या हैं इसके लक्षण और कैसे बचें इससे

ग्वालियर। तापमान बढ़ने के साथ अर्ध बेहोशी, लो ब्लड प्रेशर, उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। हीट स्ट्रोक का शिकार होकर ग्वालियर जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में हर रोज 15 से 20 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें से दो से तीन मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना पड़ रहा है।

हजार बिस्तर अस्पताल में मेडिसिन विभाग के आउटडोर पेशेंट डिपार्टमेंट (ओपीडी) में भी उल्टी-दस्त के साथ लू के शिकार 25 से 25 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। यहां ऐसे मरीजों के लिए छह पलंग रिजर्व किए गए हैं। अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को चिकित्सक खानपान में परहेज करने की सलाह दे रहे हैं।जिला अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. नितेश मुदगल का कहना है कि 44 से 45 डिग्री तापमान होने और गर्म हवाएं चलने से हीट स्ट्रोक की शिकायत लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। ऐसे में लोगों को चाहिए कि धूप में शरीर ढंककर ही निकलें। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में लू, उल्टी-दस्त, बुखार के शिकार मरीज ज्यादा पहुंच रहे हैं।



# इंदौर जिले के 101 शासकीय स्कूल तम्बाकू मुक्त घोषित किये गये

## संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने सभी को तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई




इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी को तम्बाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, संयुक्त कलेक्टर श्री विजय मण्डलोई, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, मध्यप्रदेश वॉलेंट्री एसोसिएशन के श्री सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि इंदौर जिले के 101 शासकीय स्कूलों को अधिकारिक तोर पर तम्बाकू मुक्त घोषित किया गया है। यह उपलब्धि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (हज्ञष्टक्क) तहत जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य अधिकारियों संयुक्त मुहिम का परिणाम है। श्री सिंह ने कहा कि इंदौर में चाहे शिक्षा, स्वास्थ्य और संगीत को लेकर जब भी कोई अच्छा कार्य शुरू करना होता है तो सबसे पहला नाम शासकीय उत्कृष्ट स्कूल बाल विनय मंदिर का आता है। आज तम्बाकू का सेवन लड़कों के साथ-साथ लड़किया भी कर रही है, जो चिंतनीय है। शासकीय विद्यालयों के आसपास तम्बाकू उत्पाद की बिक्री पर पूर्ण तरीके से प्रतिबंध लगना चाहिए। श्री सिंह ने आगे कहा कि कुछ कंपनियां तम्बाकू सेवन का भ्रामक प्रचार कर लाखों करोड़ों रूपये कमा रही है। इससे हमारी युवा पीढ़ी बरबाद हो रही है। हमें पड़ोसी देश भूटान से प्रेरणा लेना चाहिए। क्योंकि वहां पर तम्बाकू सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित है। दुनिया में सबसे ज्यादा हैप्पीनेस इंडेक्स में भी भूटान का नाम आता है। जो यह बताता है कि जहां तम्बाकू का सेवन कम होगा वहां खुशियां अधिक होगी। इस मौके पर श्री सिंह ने इंदौर जिले के तम्बाकू मुक्त हुए 101 स्कूलों के प्राचार्यो को प्रमाण-पत्र वितरित किये। और कहा कि जो बच्चे तम्बाकू सेवन के खिलाफ अभियान चला रहे उन्हें इंदौर जिले ब्रांड एम्बेसेडर बनाया जाए ताकि इंदौर भी तम्बाकू मुक्ति जिला बने। स्वच्छता में तो इंदौर नम्बर वन है, अब तम्बाकू मुक्त में भी इंदौर नम्बर वन बने।

कार्यक्रम को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन सम्बोधित करते हुए कहा कि जिन स्कूलों को आज तम्बाकू मुक्त घोषित किया है। इन स्कूलों ने सभी मानकों को पूरा किया है। इन स्कूलों 90 प्रतिशत या उससे से अधिक स्कोर हासिल करके यह उपलब्धि प्राप्त की है। इसके लिए जिला कलेक्टर श्री आशीष सिंह बधाई के पात्र है। जिनके नेतृत्व में यह अभियान पूरे जिले में शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि अब प्राचार्यो की यह जवाबदारी बनती है कि वे अपने विद्यालय परिसर में तम्बाकू का कोई अवशेष भी नजर नहीं आए। विद्यालय परिसर के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद की दुकाने नहीं लगे। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर श्री विजय मण्डलोई ने कहा कि जो विद्यालय आज तम्बाकू मुक्त घोषित किये गये उनका भौतिक सत्यापन भी किया गया है।

### प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर में 823 लोगों का आधुनिक मशीनों से ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांचें की गई



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य विभाग और अरविंदो मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएमराइज स्कूल नन्दा नगर में प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 783 लोगों का पंजीयन किया गया और विभिन्न विभागों द्वारा विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शिविर में 823 लोगों की कैंसर, टीबी, हड्डी, हार्ट, लीवर एवं गठिया रोग, दंत रोग एवं नेत्र रोगों आदि से जुड़ी लगभग 4300 से अधिक जाँचें की गईं। इनमें मुख्य रूप से 524 बीपी, 486 शुगर, 156 ईसीजी, 143 फाइब्रोस्कैन, 91 चेस्ट एक्सरे, 465 एचबी, 465 आरबीएस, 215 एसजीपीटी, 215 एसजीओटी, 215 लिपिड प्रोफाइल, 118 ईको, 135 यूएसजी, 36 मैमोग्राफी, 33 पेपस्मियर, 302 जनरल मेडिसिन, 184 ऑर्थो, 146 कार्डियोलॉजी, 180 गैस्ट्रोलॉजी, 45 टीबी चेस्ट स्क्रीनिंग, 51 गायनेकोलॉजी, 84 पल्मोनरी, 104 रूमेटोलॉजी, 132 ऑफ्थमोलॉजी, 56 कैंसर स्क्रीनिंग, 86 डेंटल चेकअप जाँचें विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

### दूर होगी चिकित्सकीय संस्थाओं में निर्माण की बाधाएं



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज संभागायुक्त कार्यालय में इंदौर के चिकित्सकीय संस्थानों के निर्माण कार्य व आईटीआई के अतिक्रमण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्री गौरव बैनल, संयुक्त आयुक्त विकास श्री डी.एस. रणदा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता श्री सी.एस. खरत, एसडीएम श्री विनोद राठौर एवं सुश्री निधि वर्मा सहित संबंधित अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज के नवीन भवन निर्माण एवं अतिक्रमण के संबंध में चर्चा हुई। साथ ही महाराजा यशवंत चिकित्सालय के 1000 बिस्तर के नवीन चिकित्सालय के निर्माण कार्य के स्थल के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में श्री सिंह ने निर्माण कार्य करने वाली एजेंसियों के अधिकारी और अस्पतालों के मुख्य पदाधिकारियों के साथ चर्चा की और कार्ययोजना को समझा।

# जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने अधिकारियों के दल के साथ बायपास यातायात व्यवस्था का लिया जायज़ा - त्वरित सुधार के दिए निर्देश



इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज इंदौर के बायपास क्षेत्र का अधिकारियों के दल के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन पुल, सर्विस रोड एवं डायवर्जन व्यवस्था का स्थलीय जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यातायात संबंधी समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि बायपास पर निर्माणाधीन पुल के कारण किसी भी तरह का यातायात बाधित नहीं हो। सर्विस रोड़ के त्वरित सुधार के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, जिससे की बायपास पर आम दिनों सहित वर्षाकाल में यातायात सुगम बना रहें। किसी भी तरह से वाहन चालक को परेशानी नहीं हो, जाम की स्थिति नहीं बने। बायपास पर प्रकाश व्यवस्था पर्याप्त हो। उन्होंने कहा कि बायपास पर निर्माणाधीन पुलों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाये।


मंत्री श्री सिलावट के भ्रमण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती हितिका वासल, डीसीपी ट्राफिक श्री अरविंद तिवारी, जनपद अध्यक्ष इंदौर श्री विश्वजीत सिंह सिसोदिया, एडिशनल डीसीपी ट्राफिक श्री मनोज खत्री, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अभय राजनगांवकर, एनएचआई के श्री सोमेश बांझल, एसडीएम द्वय श्री घनश्याम धनगर और श्री ओमप्रकाश बड़कुल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## विद्यार्थी आभासी दुनिया से बाहर निकलकर मेहनती और कौशलपूर्ण व्यक्तियों को अपना आदर्श बनायें: संभागायुक्त श्री सिंह



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि स्कूली छात्र-छात्राएं सोशल मीडिया की आभासी दुनिया से बाहर निकलकर रियल हीरो के बारे में अध्ययन करें, जो देश को आगे ले जाने के लिये सतत परिश्रम कर रहे है। श्री सिंह आज शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर में आयोजित शक्तिसेट और कोडिंग कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि आज मॉडर्न टेक्नोलॉजी का युग है। जरूरी नहीं कि जो बच्चा वाणिज्य विषय पढ़ेगा वह एमबीए या सीए कोर्स ही करेगा। ऐसा बच्चा साइंस और आर्ट्स के क्षेत्र में भी नवाचार कर सकता है। जहां तक विज्ञान और टेक्नोलॉजी की बात है इसमें भारत बहुत तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज जो कंपनियां मोबाइल का निर्माण करती है, उसकी लागत बहुत कम आती है। लेकिन वह बाजार में कई गुना अधिक कीमत पर बिकता है। यह मुनाफा मानव मस्तिष्क द्वारा विकसित टेक्नोलॉजी का घोतक है। विज्ञान और टेक्नोलॉजी में जहां आगे बढ़ने के अवसर है, वहीं आर्थिक दृष्टि से भी इसमें अपार संभावनाएं है। कम्प्यूटर के क्षेत्र में कोडिंग कैरियर के उजले अवसर है।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने वन स्टॉप सेंटर इंदौर का किया निरीक्षण



इंदौर। हिंसा पीड़ित महिलाओं को 24 घंटे सहायता प्रदान करने के लिए महिला बाल विकास विभाग द्वारा वन स्टॉप सेंटर संचालित किये जा रहे हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना मजूमदार ने आज इंदौर के मुराई मोहल्ला छावनी स्थित वन स्टॉप सेंटर का दौरा किया। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के लाभार्थियों से समक्ष में चर्चा की। इस दौरान परामर्श एवं कथन की कार्यवाही चल रही थी, उन्होंने प्रकरण को समझा और उस पर आगामी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। श्रीमती अर्चना मजूमदार ने समस्त पंजीयों का अवलोकन भी किया तथा मिशन शक्ति के समस्त घटकों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जागरूकता कार्यक्रम हेतु अनेक सुझाव दिए। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। समस्त स्टॉफ से चर्चा उपरांत सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा, सहायक संचालक श्री जय श्रीवास्तव, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक डॉ. वंचना सिंह परिहार, सामाजिक कार्यकर्ता साइकोलॉजिस्ट श्रीमती नीलम सिन्हा एवं वन स्टॉप सेंटर की टीम उपस्थित थी।

# मध्यमवर्गीय मरीजों को भी बेहतर इलाज दिलाने का संकल्प, सिंहस्थ पूर्व इंदौर की चारों दिशाओं में नए अस्पताल होंगे : डॉ. हसानी



इंदौर। शहर के नवनियुक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी ने कहा कि उनका प्रयास होगा कि सिंहस्थ 2028 के पूर्व इंदौर शहर की चारों दिशाओं में सिविल अस्पताल स्थापित हो जाएँ ताकि आम जन को शासकीय अस्पतालों में बेहतर इलाज मिल सके।

डॉ. हसानी स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने बताया कि फिलहाल इंदौर में पश्चिम क्षेत्र चन्दन नगर में जिला अस्पताल है। इस अस्पताल में भी वर्ष 2018 से धीमी गति से विकास कार्य चल रहा है। उनकी प्राथमिकता रहेगी कि जिला अस्पताल में शेष कार्य जल्द पूर्ण हों। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला सिंहस्थ के मद्देनजर स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष फोकस किए हुए हैं। उनकी कोशिश रहेगी कि 2028 के पूर्व राऊ, खजराना, स्कीम नं 78 में भी 200 बेड के सिविल अस्पताल स्थापित हो जाएँ ताकि महानगर की जनता को हर कौने में इलाज मिल सके।

डॉ. हसानी ने जानकारी दी कि जिले में स्वास्थ्य विभाग का बड़ा अमला है। स्वास्थ्य विभाग के पांच हजार कर्मचारी, दो हजार आशा कार्यकर्ता, महिला-बाल विकास तथा स्कूल शिक्षा विभाग के भी सैकड़ों कर्मचारी मिलकर बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने और राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वन में संलग्न हैं।

# बाल भवन इंदौर में मांडना आर्ट कार्यशाला का हुआ आयोजन

इंदौर। बाल भवन इंदौर द्वारा बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से विभिन्न कैंप और कार्यशालाएं आयोजित किये जा रहे हैं। इनमें से एक विशेष कार्यशाला मांडना आर्ट का आयोजन बाल भवन में किया जा रहा है। मांडना, राजस्थान, मालवा और निमाड़ क्षेत्र की लोक कला है, जो खास अवसरों पर दीवारों या जमीन पर बनाई जाती है। यह कला, सजावट से संबंधित है और बच्चों को विभिन्न आकृतियों को बनाने की कला सिखाई जा रही है, जिससे उनकी सृजनात्मक क्षमता को बढ़ावा मिल रहा है।



वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वह्निनयम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें।

# घुड़सवारों के दल के साथ धूमधाम से निकली गंगा माता की सवारी

## पुलिस बैंड के सुमधुर भजनों ने किया मंत्रमुग्ध, रामघाट पर सशस्त्र पुलिस बल ने दी सलामी

उज्जैन। धर्म नगरी उज्जैन में धूमधाम एवं हर्षोल्लास से गंगा माता की सवारी निकाले जाने के साथ ही 15 दिवसीय गंगा दशहरा महोत्सव का समापन हुआ।

बाबा महाकाल की नगरी एवं पुण्य सलिला मोक्षदायिनी मां शिप्रा के तट पर गंगा दशहरा महोत्सव मनाने की परंपरा अनादि काल से चली आ रही है। धर्म नगरी उज्जैन में शुरू हुए गंगा दशहरा महोत्सव के अलावा माता गंगा भागसीपुरा में विराजित रहती है। शिप्रा नदी के तट पर गंगा दशहरा उत्सव 28 मई ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को प्रारंभ हुआ, जिसमें भागसीपुरा से निकलकर रथ पर सवार मां गंगा रामघाट पधारी। जहां पर पिशाच मुक्तेश्वर तीर्थ के सामने विधिवत पूजन अर्चन के साथ मां गंगा को विराजित किया गया। इसके पश्चात 11 जून तक मां गंगा यही विराजित रही। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न




तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन यहां पर किया गया।

उज्जैन में शुरू हुए गंगा दशहरा महोत्सव के अलावा माता गंगा भागसीपुरा में विराजित रहती हैं और यही से धूमधाम से सवारी निकालकर उन्हें रामघाट तक ले जाया जाता है। इस बार भी ढोल - ढमाके के साथ रथ पर सवार सजी-धजी मां गंगा अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई। यहां पहुंचने के बाद विधि विधान से उनका पूजन अर्चन किया गया। पंचामृत पूजन अभिषेक के बाद माता का दिव्य श्रृंगार कर शाम को महाआरती का आयोजन भी किया गया है। उत्सव के दौरान रोज ढोली बुआ का नारदीय संकीर्तन से हरि कथा का आयोजन हुआ। ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा तक गंगा दशहरा उत्सव कार्यक्रम जारी रहता है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते है।

पूर्व में गंगा दशहरा महोत्सव के दौरान कई खामियां देखने को मिलती थी। साथ ही प्रशासन द्वारा भी पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जाते थे, लेकिन धार्मिक नगरी उज्जैन से चुने गए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी ईश्वर में अगाध आस्था और आध्यात्मिक रुझान के कारण इस बार का गंगा दशहरा महोत्सव ऐतिहासिक एवं अद्वितीय हो गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप मां गंगा की सवारी में बाबा महाकाल की सवारी की तरह ही सभी इंतजाम किए गए। जिसमें सवारी के आगे - आगे घुड़सवारों का दल, सुमधुर भजनों की स्वर लहरियां बिखेरता पुलिस बैंड और सशस्त्र पुलिस बल की टुकड़ी भी मौजूद रही। रामघाट से विधि - विधान से पूजन सम्पन्न होने के बाद माता गंगा को पालकी में विराजमान किया गया।

# बच्चों से सिंधी सीखने पर चर्चा, 7 बच्चे पुरस्कृत, 5 को प्रोत्साहन पुरस्कार

उज्जैन। भारतीय सिंधु सभा उज्जैन की सभी शाखाओं के द्वारा 3 से 14 जून तक झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी में आयोजित सिंधी भाषा प्रशिक्षण शिविर में सभी बच्चों से सिंधी सीखने के संदर्भ में चर्चाएं की गई, विशेष रूप से सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले सात बच्चों को पुरस्कार दिए गए तथा कॉपी में अलग से लिखने के लिए पांच बच्चों को अन्य प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए।



कार्यक्रम में विशेष अतिथि काव्या लालवानी, रमेश समदानी संरक्षक सिंधु जागृत समाज, महेश गंगवानी सचिव सिंधु जागृत समाज, किशन भाटिया अध्यक्ष सिंधी धर्मार्थ ट्रस्ट, चिमन दास लखानी, पुष्पा कोटवानी भारतीय सिंधु सभा की राष्ट्रीय पदाधिकारी, डॉ मीना वाधवानी प्रदेश महासचिव स्वाति गजरानी अध्यक्ष भारतीय सिंधु सभा, नीलम माखीजानी प्रदेश उपाध्यक्ष, रमेश गजरानी उज्जैन अध्यक्ष, राजकुमार परसवानी सचिव, कुमार किशन अध्यक्ष सिंधु प्रवाह, रिंकू बेलानी उपाध्यक्ष, दीपक बेलानी अध्यक्ष पूज्य सहिति पंचायत, दिव्या धनवानी अध्यापिका, गोपी राजवानी सचिव भारती सनमुखानी, पूनम वासनानी, दीपा वासवानी अध्यक्ष राष्ट्रीय सिंधी मंच, विनोद लुल्ला शिक्षा सचिव, मोहन राजवानी क्रीडा सचिव मौजूद रहे। सभी अतिथियों का पदाधिकारी के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान बच्चों में सिंधी सीखने का उत्साह है, लगभग 75 बच्चों की उपस्थिति में बच्चों के अच्छे प्रदर्शन के साथ सिंधी डिक्टेशन पर विशेष पुरस्कार अतिथियो के द्वारा दिये गए। कार्यक्रम में अन्य अतिथि शोभा शर्मा, वीना परसवानी, दीपा खत्री, अंजू भाटिया तथा अन्य समाजगण उपस्थित रहे।

# महावीर इंटरनेशनल वीरा केन्द्र की साधारण सभा में हुए निर्वाचन



उज्जैन। महावीर इंटरनेशनल वीरा केन्द्र उज्जैन की वर्ष 25-27 की नवीन कार्यकारिणी का गठन संस्था की साधारण सभा में संपन्न हुआ। नवीन सत्र के लिए अध्यक्ष वीरा अनीता जैन, सचिव वीरा शकुंतला गादिया, कोषाध्यक्ष वीरा मलका हिंगड़ को मनोनित किया गया। इस अवसर पर वीरा उर्मिला भण्डारी, वीरा प्रेमलता सिरोलिया, वीरा ज्योति चंडालिया, वीरा मंजूला लुणावत, वीरा नीता धवल, वीरा आभा डागा, वीरा जीवन सुराणा, वीरा अनीता चौहान, वीरा शकुंतला मेहता, वीरा प्रमीला सोगानी, वीरा संगीता जैन आदि।

# पंडित वि.ना. भातखंडे कला संस्थान का 10 दिवसीय निश्शुल्क संगीत से संस्कार प्रशिक्षण का समापन



उज्जैन। पंडित विष्णु नारायण भातखंडे कला संस्थान द्वारा दस दिवसीय निश्शुल्क संगीत से संस्कार शिविर 2025 का आयोजन 2 जून से 11 जून तक क्षिप्रा विहार उज्जैन में किया गया।

इस शिविर में संगीत के माध्यम से संस्कार जैसे सुबह जल्दी उठना, मम्मी पापा को प्रणाम करना, योग और ध्यान करना, अपना काम स्वयं करना, मंत्र, दोहे, चौपाइयों का उच्चारण करना, हनुमान चालीसा, आरती, बड़ों की बातों को ध्यान से सुनना और मानना इत्यादि को बड़े रोचक तरीके से सिखाया गया।

शिविर का समापन नागेन्द्र सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में संगीत सभा के साथ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण, गायत्री मंत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही समिति की अध्यक्ष धनवंती गोथरवाल ने संत कबीर के बारे में बताते हुए आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। दिलीप फड़के द्वारा सदुरु ओ महाराज भजन एवं गिटार पर राग मालकौंस पर आधारित धुन श्रीमन नारायण प्रस्तुत की गई। सुरेश बोरलिया ने तू प्यार का सागर है, माधुरी सोलंकी ने इतनी शक्ति हमें देना दाता, मंजू त्रिपाठी द्वारा जो नर सुमिरन नित्य करें, सिया धाकड़ ने नैनन में भर लूंगी, राजकुमारी देवड़ा ने मत कर चरणों से दूर गुरु जी की सरस में ही प्रस्तुति दी गई। प्रशिक्षण दे रहे मानसेवी डॉ. सतीश गोथरवाल ने 10 दिनों में सिखाई अच्छी आदतों को अपने आचरण में लाने लाने हेतु साथ दिनों से हमको प्यार गीत गाकर संकल्प करवाया। ढोलक संगत दिव्यांश बुंदेल, दक्ष गोथरवाल, कुलदीप देवड़ा सहित कमल परमार और मनीषा परमार ने मंजीरे पर साथ दिया।

शिविर में नियमित रूप से खुशी राठौर, हर्ष, प्रीति, राशि, कविश, अथर्व, ईशानी, यथार्थ, मयंक, भूमिका, शुभम, आनंद सहित अभिभावक जय श्री, रश्मि मिश्रा, रेखा मालवीय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंजू त्रिपाठी एवं आभार सिया धाकड़ ने माना।

# जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष के लिए आज बैठक लेंगे पर्यवेक्षक नदीम जावेद

उज्जैन। संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव एवं जिला पर्यवेक्षक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक नदीम जावेद जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के सभी वरिष्ठजनों, विधायक, पूर्व विधायक एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमल पटेल ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत आज 13 जून को दोपहर 3 बजे शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन क्षीरसागर पर नदीम जावेद कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और संबोधित करेंगे। इसी के साथ प्रदेश कांग्रेस के जिला प्रभारी चंदरसिंह सोंधिया, मध्य प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक के रूप में प्रताप भानु शर्मा, विधायक भैरू सिंह बापू सुसनेर भी उपस्थित रहेंगे।

# खिलाड़ियों के सम्मान के साथ हुआ 75 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर समापन




उज्जैन। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन और खेल युवक कल्याण विभाग के तत्वावधान में कालिदास कन्या कॉलेज देवास गेट बास्केटबॉल मैदान पर आयोजित 75 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर समापन खिलाड़ियों के सम्मान के साथ हुआ।

वरिष्ठ प्रशिक्षक विजय कुमार बाली की अध्यक्षता में आयोजित शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल सिंह चंदेल, हरदयाल सिंह ठाकुर ने उपस्थित होकर अपने उद्बोधन से बच्चों का उत्साहवर्धन, मार्गदर्शन किया। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक दर्शन ठाकुर द्वारा किया गया। आभार खेल युवक कल्याण विभाग मे कार्यरत प्रशिक्षक सुनीता यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेजल डगर, भूमि राय, निशिका शिंदे, लक्षिता बिड़ला, नेहा राय, अलीना खान, शांभवी सोलंकी, नवज्योति शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर की सामूहिक बुद्ध वन्दना, सुत्त पाठ



उज्जैन। उज्जैन बुद्धिष्ट सोसाइटी, सुमेध भूमि बुद्ध विहार, उपाली राजगृह बुद्ध विहार के तत्वावधान में मध्यप्रदेश के निवाडी के निकट उमरी ग्राम में शीघ्र ही बुद्ध विहार की स्थापना की जायेगी।

भिक्खु डॉ. समेध थेरो के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा पर सामूहिक बुद्ध वन्दना, सुत्त पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सावित्री कटारिया, शकुन्तला वर्मा, योगेन्द्र राज, मीनाक्षी, रितेश आर्य, डॉ स्वेता, करूणेश वर्मा, अदिति, राहुल अशोक नागर, शिव कुमार दोहरे आदि उपस्थित रहे। डॉ हरीबाबू कटारिया ने हिन्दी में जय मंगल अटठगाथा का अर्थ सभी को समझाया। जिसमें बीमारों के स्वास्थ्य लाभ के लिये बोझॉग सुत्त तथा सभी के मंगल के लिये महामंगल सुत्त एवं जय मंगल अटठगाथा का पाठ किया गया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com